## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 05.08.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत।

दिनांक 05.08.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 4 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 5 | श्री दीपांकर चौधरी | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 6 | श्री संदीप शर्मा | सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, झाँसी। |
| 7 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 8 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 9 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री आर.एल. रमेश | डी.पी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री लक्ष्मीनारायण | डी.पी.एम, बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री विशाल सिंह | प्रतिनिधि यूनिप्रो टैक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 13 | श्री सुभाष विश्नोई | पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0 |
| 14 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एच.एम.एस. इन्फ्राटेक, आगरा। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

**गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 309.376 किमी. पाइप लाइन तथा 11437 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 308.730 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 11437 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों में 11412 नग गृह संयोजनों (एफ.एच. टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों मे से 41 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित समस्त 42 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है, जिनका सत्यापन अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के आदेश संख्या 290/जे.जे.एम.–जी.बी.टी./07 दिनांक 02.02.2024 द्वारा कराया गया है। सत्यापन कार्य के दौरान जलापूर्ति बन्द पाये गये गृह संयोजन में विशेष अभियान चलाते हुये शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म को निर्देशित किया गया।

**बबावली ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 287.226 किमी. पाइप लाइन तथा 11549 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 286.943 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 11549 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में 11374 नग गृह संयोजनो (एफ.एच. टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 22 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

अवगत कराया गया कि योजना मे कुल 37 ग्रामो में से 35 ग्रामो मे शत–प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है। शेष 02 ग्रामो (लिधौरा एवं लकारा) मे बिछी हुई पाइप लाइन में कुछ स्थानो पर लीकेज/चौकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, जिसके स्थाई समाधान हेतु आवश्यक स्थानों पर बाल्व लगाने, चौकेज एवं लीकेजो की मरम्मत इत्यादि का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही योजना मे सम्मिलित समस्त ग्रामो मे शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। जिनके सत्यापन कार्य के दौरान जलापूर्ति बन्द पाये गये गृह संयोजन मे विशेष अभियान चलाते हुये शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित को निर्देशित किया गया।

<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 05 नग ओवर हैड टेंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 248.18 किमी. पाइप लाइन तथा 6725 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 247.63 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6725 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों में 6715 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामो से 24 ग्रामो का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।



<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेक, 8 नग सी.डब्लू.आर., 860.80 किमी. पाइप लाइन तथा 26650 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 855.125 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 26650 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में 26320 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों से 29 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना मे सम्मिलित ग्रामो के प्रत्येक घरो मे किये गये गृह संयोजनों की सत्यापन आख्यानुसार बन्द/क्षतिग्रस्त पाये गये गृह संयोजनो सूची अनुबन्धित फर्म को उपलब्ध कराते हुये उन्हे अविलम्ब सही कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजना मे सम्मिलित समस्त ग्रामो के प्रत्येक घर मे जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकें।

<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 13 नग ओवर हैड टेक, 08 नग सी.डब्लू.आर., 899.95 तथा 32259 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–90%, 13 नग ओवर हैड टेक–90%, 8 नग सी.डब्लू.आर. –90%, 866.80 किमी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 3560 नग गृह संयोजनो के माध्यम से

Scanned with OKEN Scanner

योजना मे सम्मिलित कुल 87 ग्रामों मे से 20 ग्रामों मे आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 29209 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है। 4290 नग एफ.एच.टी.सी. के माध्यम से 24 ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। योजना मे सम्मिलित 87 ग्रामो से 05 ग्रामों का ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा एच.एस.सी. को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तीत करते हुये योजना के समस्त ग्रामो शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम., श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया, जिस पर उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि सितम्बर–2024 के अन्त तक योजना के समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–90%, 27 नग ओवर हैड टेक–90%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–90%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 250.27 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1283.16 किमी. वितरण प्रणाली, 50410 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 3090 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 14 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 2240 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 14 नग ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक, श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों एवं मशीनरी के संख्या बढ़ाते हुये योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेक, 11 नग सी.डब्लू.आर., 861.32 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 29406 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना मे प्रस्तावित 29406 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 29406 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना मे सम्मिलित समस्त 74 ग्रामों में 28566 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना मे सम्मिलित 74 ग्रामों से 47 ग्रामों का ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्रामों में शेष 840 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तीत करते हुये योजना के समस्त ग्रामों शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री जे.एस. पेट्रीक को निर्देशित किया गया। योजनान्तर्गत कराये गये गृह संयोजनों की सत्यापन आख्या मे पाया गया है कि अधिकांश ग्रामों में जलापूर्ति शत–प्रतिशत नही हो रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा आदेशित किया गया है कि गृह संयोजनों की कमियों का निराकरण करते हुये समस्त गृह संयोजनो के माध्यम से शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 6 नग ओवर हैड टेक, 3 नग सी.डब्लू.आर., 323.97 किमी. पाइप लाइन तथा 12762 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना

Scanned with OKEN Scanner

प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है। मात्र 15 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी. में परिवर्तित करने का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना मे सम्मिलित 32 ग्रामो मे से 30 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 02 ग्रामो का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिसे एक सप्ताह मे पूर्ण करने हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री सुभाष विश्नोई द्वारा आस्वस्त किया गया। योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामो मे किये गये गृह संयोजनो के सत्यापन कार्य के दौरान जलापूर्ति बन्द पाये गये गृह संयोजन मे विशेष अभियान चलाते हुये शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित को निर्देशित किया गया।

<u>**बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना**</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 9 नग ओवर हैड टैंक, 5 नग सी.डब्लू.आर., 461.23 किमी. पाईप लाइन बिछाने तथा 15848 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैंक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित गृह संयोजनों के सापेक्ष 15848 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना मे सम्मिलित समस्त 58 ग्रामों मे 15070 नग क्रियाशील गृह संयोजनो (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 340नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी मे परिवर्तित करने का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में से 54 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 04 ग्रामो के "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य कार्य 15 अगस्त, 2024 तक पूर्ण करने हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक, श्री वाई.एन. तिवारी द्वारा आस्वश्त किया गया।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रिट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि–

<u>**पैकेज संख्या–01**</u> में सम्मिलित पेयजल योजनाओं के कार्यों को माह सितम्बर–2024 तक पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

**पैकेज संख्या–02** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 58832 मीटर वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48195 मीटर पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48145 मीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया है कि पैकेज के कार्यों को सितम्बर–2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**पैकेज संख्या–03** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौल ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के अवशेष कार्यों को सितम्बर–2024 तक कर लिया जायेगा।

**पैकेज संख्या–04** में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक के कार्य क्रमशः 70–70 प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 90–90 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यों को सितम्बर–2024 के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पैकेजों के कार्यों अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजनाओं को जल्द से जल्द जनोपयोगी बनाया जा सकें।



समीक्षा बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन बडवार एवं कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाइन को लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) द्वारा सड़क चौडीकरण के दौरान विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस कारण ग्रामों मे पेयजल आपूर्ति बाधित हो गयी है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अधिशासी

Scanned with OKEN Scanner

अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी को निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम क्षतिग्रस्त की गयी पाइप लाइन को अविलम्ब मरम्मत कराते हुये जलापूर्ति सुचारू करायी जाये साथ पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी/काटी गयी सड़कों के सापेक्ष पुनर्स्थापित किये गये मार्गों का विवरण किमी/चैनेजवार तैयार कर जिलाधिकारी महोदय को उपलब्ध करायी जाये।

जनपद झाँसी मे निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वैल कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 78 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 67 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 62 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 70 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 75 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है तथा अवशेष कार्यों को योजना के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के अन्दर ही पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी मे अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के लगभग समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है, जिसमे बरूआ बेसिन योजना के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यों के अन्तर्गत इन्टेक वेल पर एप्रोच ब्रिज पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान मे द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित 21144 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 9800 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान मे वर्षा ऋतु होने के कारण कुछ स्थानों पर जल भराव के कारण योजना के कार्य प्रभावित है तथा आगामी 03 माह (अक्टूबर–2024) मे पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिस जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अवगत कराया गया है कि पूर्व मे मा0 प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में योजनान्तर्गत जुलाई–2024 मे पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया था। परन्तु उक्त समयावधि समाप्त होने के उपरान्त भी आप द्वारा वर्तमान तक योजनान्तर्गत जलापूर्ति प्रारम्भ नही करायी गयी है, जो उचित नही है। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) को निर्देश दिये गये है कि योजना के अवशेष कार्यों को अविलम्ब पूर्ण कराते हुये योजना में शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति की आपकी उक्त कार्य प्रणाली के सम्बन्ध मे प्रकरण उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें। इसी प्रकार गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुये उक्त योजना के कार्यों को अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी को प्रयोग करते हुये सितम्बर–2024 तक योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) एवं कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म को निर्देशित किया गया।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

15/8/24

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-1089/एम-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2024/100 दिनाँक:16— अगस्त, 2024

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी, झाँसी।
4– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner